कार्यालयः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

वन भवन, चतरा– 825401 (झारखण्ड)

Ph. & Fax (o) - 06541- 298011 E-mail:- dfo-chatrasouth@gov.in

पत्रांक-1830 दिनांक 27/08/2022

सेवा में,

परियोजना पदाधिकारी,
चुरी–बेंती अन्डरग्राउण्ड परियोजना,
एन. के. क्षेत्र, सी.सी.एल.
पो0– डकरा, जिला– राँची।

विषयः– चुरी–बेंती भूमिगत कोल परियोजना हेतु कुल हेतु कुल 281.174 हे0 (चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल– 65.84 हे0 एवं राँची वन प्रमंडल– 215.33 हे0) वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव पर स्थलीय निरीक्षण करने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय के पत्रांक 1946 दिनांक 02.08.2021 एवं पत्रांक 424 दिनांक 04.03.22

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयगत कोल निर्माण हेतु अपयोजित होने वाले वन भूमि प्रस्ताव पर की गई पृच्छा का बिना अनुपालन किये हुए पुनः दिनांक 26.07.2022 को ऑनलाईन प्रस्ताव भारत सरकार के पोर्टल पर प्राप्त हुआ है। जाँच के क्रम में कतिपय त्रुटियाँ पायी गयी एवं आवश्यक अभिलेख प्रस्ताव के साथ नहीं पाये गये है जो निम्नवत है–

1. पार्ट–1 की कंडिका A-1(iii) में Scheme for which the forest land in required के संबंध में काई उल्लेख नहीं है। वन भूमि लेने का क्या औचित्य है के संबंध में स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य है।
2. पार्ट–1 की कंडिका A-3(iii) में Details of person making application में आलोक कुमार, उपमहाप्रबंधक (वन पर्यावरण) का नाम अंकित है जबकि जबकि ये काफी पुराना है। वर्त्तमान में Authorized Person A.K. Roy का नाम अंकित किया जाय।
3. पार्ट–1 की कंडिका K-1 में Whether the process for steelement of Rights under the forest Rights Acts 2006 on the forest proposed to be diverted has been completed में No अंकित है उसे Yes अंकित किया जाय। हार्डकॉपी प्रस्ताव में वनाधिकार अधिनियम 2006 से संबंधित उपायुक्त, चतरा द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र एवं ग्राम सभा की बैठक की कार्यवाही की प्रति संलग्न है उसे ऑनलाईन पोर्टल में अपलोड करते हुए संलग्न किया जाय।
4. प्रस्ताव के साथ Additional NPV/CA की राशि जमा करने संबंधी वचनबद्धता प्रमाण–पत्र संलग्न है परन्तु NPV/Additional CA/Wildlife Management Plan and Others के लिए माँगी जाने वाली राशि जमा करने संबंधी वचनबद्धता प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं है। उसे प्राधिकृत पदाधिकारी का नाम, पदनाम, मुहर एवं तिथियुक्त हस्ताक्षरित प्रति ऑनलाईन पार्ट–1 के Additional Information में अपलोड करते हुए हार्डकॉपी प्रस्ताव में संलग्न किया जाय।
5. प्रस्ताव में Justification संलग्न है जिसके अवलोकन से यह स्पष्ट नहीं होता है कि अन्डरग्राउण्ड माईनिंग ही किया जाना है। इसे स्पष्ट किया जाय।
6. प्रस्ताव के साथ अपयोजित होनेवाले वन भूमि/जंगल–झाड़ी भूमि का Separate Plan, Land Schedule and Abstract प्रस्ताव में संलग्न नहीं है।
7. प्रस्ताव के साथ अपयोजित होने वाले वन भूमि में **Whether any national park, wildlife sanctuary, biosphere reserve, tiger reserve, ESZ etc.,** का भाग नहीं पड़ते है से संबंधित वचनबद्धता प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं है।
8. प्रस्ताव के साथ अपयोजित होनेवाले वन भूमि में **Whether any protected archaeological/heritage site/defence establishment or any other important monument is located in the area** का भाग नहीं पड़ते है से संबंधित वचनबद्धता प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं है।

Scanned with CamScanner

9. प्रस्ताव के साथ अपयोजित होनेवाले वन भूमि में सन्निहित 17.25 हे0 गैरमजरूआ जंगल झाड़ी भूमि का अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं है।

10. चुरी–बेंती परियोजना हेतु भारत सरकार द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति कुल 767.98 हे0 के लिए निर्गत है जिसमें वनभूमि 493.46 हे0 तथा गैर वन भूमि 274.52 हे0 कुल 767.98 हे0 है। परन्तु ऑनलाईन पार्ट–1 में कुल लिज क्षेत्र का रकबा 765.13 हे0 अंकित है। दोनों में विरोधाभाषी है, स्पष्ट किया जाय। साथ ही अन्डरग्राउण्ड माईनिंग हेतु प्रस्तावित रकबा 452.37 हे0 है इसमें भी विरोधाभाषी है इसे भी स्पष्ट किया जाय।

11. पार्ट–1 की कंडिका C(ii)(a) में No. of Patches- One दर्शाया गया है। परन्तु पस्ताव में संलग्न Geo-reference Map के अवलोकन से प्रतित होता है कि इसमें दो पैच है परन्तु ऑनलाईन पार्ट–1 में एक पैच दर्शाया गया है। पैचवार रकबा के साथ दोनों पैच का KML File ऑनलाईन प्रस्ताव में अपलोड किया जाय।

12. मैनुअल फार्म पार्ट–1 पर प्राधिकृत पदाधिकारी का नाम, पदनाम, मुहर एवं तिथियुक्त हस्ताक्षरित प्रति ऑनलाईन पार्ट–1 के Additional Information में अपलोड करते हुए हार्डकॉपी प्रस्ताव में संलग्न किया जाय।

अतः पुनः अनुरोध है कि उल्लेखित त्रुटियों के निराकरण के उपरांत प्रस्ताव समर्पित करने हेतु ऑनलाईन एवं ऑफलाईन प्रस्ताव वापस किया जा रहा है।

अनु0–यथोक्त

विश्वासभाजन,

27.8.2022

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

27/08/2022

Scanned with CamScanner